कार्यालयः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।
वन भवन, चतरा– 825401 (झारखण्ड)
Ph. & Fax (o) - 06541- 298011 E-mail:- dfo-chatrasouth@gov.in

पत्रांक– 105 दिनांक– 17/01/2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, चतरा।

विषयः– मेसर्स सी.सी.एल, राँची द्वारा चतरा जिला अन्तर्गत आम्रपाली चन्द्रगुप्त एरिया में आम्रपाली खुली खदान कोल परियोजना फेज–II हेतु 431.59 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंगः– आपका ज्ञापांक 1328 दिनांक 09.12.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र द्वारा की गई पृच्छा के आलोक में परियोजना पदाधिकारी, आम्रपाली परियोजना, टण्डवा ने अपने पत्रांक PO(A)/PD/2021-22/2412 दिनांक 02.01.2022 द्वारा बिन्दुवार अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। अनुपालन की स्थिति निम्नवत है–

क्रम सं0	आपत्ति	निराकरण	वन प्रमंडल पदाधिकारी का मंतव्य
1	पूर्व में आम्रपाली परियोजना हेतु अपयोजित वनभूमि का रकबा, अपयोजित वनभूमि की KML File	पूर्व में आम्रपाली परियोजना हेतु अपयोजित वनभूमि का रकबा दर्शा दिया गया है एवं अपयोजित वनभूमि की KML File भी संलग्न कर दिया गया है।	बिन्दु संख्या–1, 2, एवं 3 के तहत प्राप्त निदेश के आलोक में संशोधित KML File CD में राईट कर संलग्न किया गया है।
2	आम्रपाली परियोजना की पूर्ण KML File, समर्पित File का, Polygon Close नहीं है।	आम्रपाली परियोजना की पूर्ण KML File, समर्पित File का, Polygon Close कर दिया गया है।	
3	अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि 12 Patch में है। Patch No. 01 एवं 02 के बीच में Forest Area छुटा हुआ है। उसको शामिल नहीं करने का औचित्य स्पष्ट किया जाय।	अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि 12 Patch में है। Patch No. 01 एवं 02 के बीच का Forest Area भी शामिल किया गया है।	
4	अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि की KML File को अलग–अलग रंगो में दर्शाया जाय ताकि Project boundary की KML पूर्व में अपयोजित वनभूमि की KML तथा प्रस्तावित वनभूमि की KML Files को Superimpose करने पर Field की स्थिति पूर्णतयः स्पष्ट हो।	अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि की KML File को अलग–अलग रंगो में दर्शा दिया गया है।	पूर्व में अपयोजित वनभूमि की KML तथा प्रस्तावित वनभूमि की KML Files को अलग–अलग रंगो से दर्शा दिया गया है जिसका सी.डी. संलग्न है।

5	परियोजना में पड़ने वाली कुल भूमि, सन्नहित अधिसूचना वनभूमि/ Deemed Forest/ Raiyati/GM land को अंकित करते हुए पूर्व में अपयोजित भूमि तथा प्रस्तावित भूमि का एक Chart प्रस्तुत किया जाय, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके।	परियोजना में पड़ने वाली कुल भूमि, सन्नहित अधिसूचना वनभूमि/ Deemed Forest/ Raiyati/GM land को अंकित कर दिया गया है एवं पूर्व में अपयोजित भूमि तथा प्रस्तावित भूमि का एक Chart संलग्न कर दिया गया है।	इस परियोजना में कुल–1298.98 हे0 है जिसमें से 531.64 हे0 वन भूमि अपयोजित किया जा चुका है एवं 431.59 हे0 वन भूमि अपयोजन हेतु प्रस्ताव प्रस्तावित है जिसकी पूर्ण चार्ट संलग्न है।
6	परियोजना में अपयोजित के लिये प्रस्तावित वनभूमि में एक सड़क स्पष्ट है। समीक्षा में बताया कि होन्हे से सराढु रोड के लिए 13.70 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव समर्पित है। उस प्रस्ताव में इस सड़क को शामिल किया गया है। स्थिति स्पष्ट की जाय।	होन्हे से सराढु रोड में सम्मिलित वनभूमि का अपयोजन एक अलग प्रस्ताव है। जिसकी समीक्षा अभी बाकी है।	होन्हे से सराढु तक 13.70 हे0 वनभूमि के पथ निर्माण से संबंधित प्रस्ताव पर भारत सरकार की स्वीकृति के पूर्व ही वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 का उल्लंघन कर कार्य किया गया है।
7	क्षतिपूरक वनरोपण हेतु चयनित वनभूमि में घनत्व अधिक दिखाई पड़ रहा है समीक्षा में बताया गया कि Gross Area एवं Net Area में अंतर है। Net Area वांछित Area के बराबर है। सभी selected patches के Gross area एवं Net Area को स्पष्ट किया जाय तथा Sutaibility Certificate अपेक्षित है। CA land का Tabular Format में उपयोगिता प्रमाण–पत्र अपेक्षित है।	---	दृष्टिगत त्रुटियों का निराकरण करते हुए संशोधित डी0जी0पी0एस0 मैप, उपयुक्तता प्रमाण–पत्र, दस वर्षीय प्राक्कलन, टोपोमैप अपलोड कर दिया गया है। जिसमें एक मौजा महुदा के स्थाना पर उलातु उर्फ सिमरातरी परिवर्तित किया गया है जिसका पूर्ण संबंधित अभिलेख संलग्न है।

अतः संशोधित मैनुअल एवं ऑनलाईन पार्ट–1 एवं II परिवर्तित स्थल उलातु का DGPS Map, Topomap, Sutaibility, Estimate की सात–सात प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजी जा रही है।

अनु0–यथोक्त।

आपका विश्वासी,
17.01.2022
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

17/1/2022